व्यवसाय प्रशासन में स्नातक
(बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य

2026

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जनवरी 2026 से 30th दिसम्बर, 2026

चतुर्थ सत्र

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

व्यवसाय प्रशासन में स्नातक

(बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य 2026

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि प्रोग्राम गाइड में बताया गया है, आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट करना होगा । हम आपको BCOE-143, BCOE-144, ECO-13 और BMP-001 के सत्रीय कार्य एक साथ भेज रहें हैं ।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2026 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2026 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसम्बर 2026 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2026 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	:	**बी. ऍम. पी. – 001**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	:	**व्यावसायिक अनुसंधान**
सत्रीय कार्य का कोड	:	**बी. ऍम. पी – 001/टी. एम. ए./2026**
खण्डों की संख्या	:	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

क) **लघु प्रकार के प्रश्न**

1. "व्यावसायिक अनुसंधान निर्णय-निर्माण के लिए सूचना एकत्रित करने एवं उसका विश्लेषण करने की एक निरंतर प्रक्रिया है।" इस कथन के संदर्भ में व्यावसायिक अनुसंधान प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की फ्लो प्रवाह आरेख की सहायता से चर्चा कीजिए। (10)

2. मापन (Measurement) एवं स्केलिंग (Scaling) की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। मापन के चार स्तरों—नाममात्र (Nominal), क्रमिक (Ordinal), अंतराल (Interval) एवं अनुपात (Ratio)—की चर्चा कीजिए तथा डेटा विश्लेषण में उनके महत्व को स्पष्ट कीजिए। (10)

3. व्यावसायिक अनुसंधान में परिकल्पना परीक्षण (Hypothesis Testing) का क्या महत्व है? परिकल्पना के परीक्षण में शामिल व्यवस्थित चरणों की व्याख्या कीजिए। (10)

4. **निम्नलखित के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए:** (4X5)
   (क) गुणात्मक अनुसंधान एवं मात्रात्मक अनुसंधान।
   (ख) प्रश्नावली एवं अनुसूची
   (ग) अन्वेषणात्मक (Exploratory) अनुसंधान एवं वर्णनात्मक (Descriptive) अनुसंधान।
   (घ) प्राथमिक आँकड़े एवं द्वितीयक आँकड़े।

5. **निम्नलिखित पर संक्षेप में नोट लिखें:** (4X5)
   (क) एक अच्छे अनुसंधान डिजाइन (Research Design) की विशेषताएँ।
   (ख) डेटा की तैयारी में सम्मिलित चरण।
   (ग) डेटा के संक्षेपण में वर्णनात्मक सांख्यिकी (Descriptive Statistics) की भूमिका।
   (घ) एक अनुसंधान प्रतिवेदन में सारांश (Abstract) एवं कार्यकारी सारांश (Executive Summary) का महत्व।

(ख) **निबंध प्रकार के प्रश्न**

6. अनुसंधान समस्या (Research Problem) क्या है? किसी अध्ययन के लिए अनुसंधान समस्या के चयन एवं स्पष्ट निर्धारण के समय शोधकर्ता को किन-किन बिंदुओं पर विचार करना चाहिए, चर्चा कीजिए। (15)

7. प्रतिचयन डिज़ाइन (Sampling Design) को परिभाषित कीजिए। प्रायिकता प्रतिचयन (Probability Sampling) के विभिन्न प्रकारों की व्याख्या कीजिए तथा उपयुक्त प्रतिचयन आकार के चयन को प्रभावित करने वाले कारकों पर चर्चा कीजिए। (15)